# हाईस्कूल

## मॉडल पेपर - 2021

*समय : तीन घण्टे 15 मिनट ]* *[ पूर्णांक : 70*

---

नोट—प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

1. (क) निम्नलिखित में से कोई एक कथन सही है; उसे पहचानकर लिखिए। 1
   - (i) 'सरस्वती' पत्रिका की सम्पादक महादेवी वर्मा थीं।
   - (ii) 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' हरिवंष राय बच्चन की आत्मकथा है।
   - (iii) राम विलास षर्मा कवि के रूप में प्रसिद्ध हैं।
   - (iv) 'मैला आंचल' कहानी विधा की रचना है।

   (ख) 'रस मीमांसा' किसकी आलोचना कषति है— 1
   - (i) रामचन्द्र शुक्ल (ii) महावीर प्रसाद द्विवेदी
   - (iii) रांगेय राघव (iv) केदारनाथ सिंह

   (ग) निम्नलिखित में से किसी एक रचना की लेखक का नाम लिखिए— 1
   - (i) अथाह सागर (ii) अर्द्धनारीश्वर
   - (iii) मेरी असफलताएँ (iv) लहरों के राजहंस

   (घ) 'गेहूँ और गुलाब' किसकी रचना है— 1
   - (i) रामवृक्ष बेनीपुरी (ii) महादेवी वर्मा
   - (iii) राम विलास शर्मा (iv) प्रेमचन्द

   (ङ) 'त्यागपत्र' किस विधा की रचना है— 1
   - (i) उपन्यास (ii) कहानी
   - (iii) नाटक (iv) एकांकी

2. (क) रीतिमुक्त धारा की किन्हीं दो कवियों का नाम लिखिए— 2

   (ख) छायावाद की दो प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए। 2

   (ग) 'उत्तरायण' कृति के रचनाकार का नाम लिखिए। 1

3. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 2+2+2

   (क) भिन्न—भिन्न धर्मों को मानने वाले भी जो सारी दुनिया के सभी देशों में बसे हुये हैं यहां भी थोड़ी बहुत संख्या में पाये जाते हैं और जिस तरह यहां की बोलियों की गिनती आसान नहीं है उसी तरह यहां भिन्न—भिन्न धर्मों के सम्प्रदायों की भी गिनती आसान नहीं है। <u>इन विभिन्नताओं को देखकर यदि अपरिचित आदमी घबराकर कह उठे कि यह एक देश नहीं अनेक देशों का समूह है, यह एक जाति नहीं अनेक जातियों का समूह है तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं।</u>
   - (i) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए।
   - (ii) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए।
   - (iii) उपर्युक्त गद्यांश में भारत की बोलियों एवं सम्प्रदायों के सम्बन्ध में लेखक द्वारा क्या बताया गया है ?

**अथवा**

पहले पहाड़ काटकर उसे खोखला कर दिया गया, फिर उसमें सुन्दर भवन बना लिये गये, जहाँ खम्भों पर उभारी मूरतें विहंस उठी। भीतर की दीवारें और छतें रगड़कर चिकनी कर ली गयी और तब उसकी जमीन पर चित्रों की एक दुनिया ही वसा दी गयी। पहले पलस्तर लगाकर आचार्यों ने उन पर लहराती रेखाओं में चित्रों की काया सिरज दी, फिर उनके चेले कलावन्तों ने उनमें रंग भरकर प्राण फूँक दिये। फिर तो दीवार उमग उठी, पहाड़ पुलकित हो उठे।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए।

(iii) पहाड़ों को किस प्रकार जीवन्त बनाया गया?

4. निम्नलिखित पद्याशों में से किसी एक की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए तथा काव्य–सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए– 1+4+1

(क) निर्भय स्वागत करो मृत्यु का,
मृत्यु एक है विश्राम–स्थल।
जीव जहाँ से फिर चलता है,
धारणकर नवजीवन मण्डल।।
मृत्यु एक सरिता है, जिसमें
श्रम से कातर जीव नहाकर।
फिर नूतन धारण करता है,
काया रूपी वस्त्र बहाकर।।

**अथवा**

सुनि सुन्दर वैन सुधा रस साने, सयानी है जानकी जानी भली।
तिरछे करि नैन दै सैन तिन्हे समुझाइ कछु मुसकाय चली।।
तुलसी तेहि औसर सोहै सवै अवलोकति लोचन–लाहु अली।
अनुराग–तड़ाग में भानु उदै विगसी मनो मंजुल कंज कली।।

5. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का जीवन–परिचय देते हुए, उनकी किसी एक रचना का उल्लेख कीजिए। 2+1

(i) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (ii) डा0 भगवतशरण उपाध्याय

(iii) जयशंकर प्रसाद

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन परिचय दीजिए तथा उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए। 2+1

(i) मैथिली शरण गुप्त (ii) महादेवी वर्मा

(iii) सूरदास।

6. निम्नलिखित में से किसी एक का ससन्दर्भ हिन्दी में अनुवाद कीजिए– 1+3

मानव–जीवनस्य संस्करणं संस्कृतिः। अस्माकं पूर्वजाः मानवजीवन संस्कर्तुं महान्तं प्रयत्नम् अकुर्वन्। ते अस्माकं जीवनस्य संस्करणाय यान् आचारान् विचारान् च अदर्षयन् तत् सर्वम् अस्माकं संस्कृतिः।

**अथवा**

मानं हित्वा प्रियो भवति क्रोधं हित्वा न सोचति।
कामं हित्वार्थवान् भवति लोभं हित्वा सुखी भवेत्।।

7. (क) अपनी पाठ्य पुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न पत्र में न आया हो।

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में लिखिए– 1+1

(i) पिता कस्मात् उच्चतरः अस्ति?

(ii) गृहे सतः मित्रम् किम् अस्ति?

(iii) दुर्मुखः कः आसीत्?

(iv) ग्रामीणान् कः उपाहसत्?

8. (क) 'करूण' अथवा 'हास्य' रस का स्थायी भाव और परिभाषा बताइये। 2

(ख) 'उपमा' अथवा 'रूपक' अलंकार की परिभाशा देते हुए उदाहरण बताइये। 2

(ग) 'सोरठा' अथवा 'रोला' छंद की परिभाशा देते हुए उदाहरण बताइये। 2

9. (क) निम्नलिखित उपसर्गो में से किन्हीं तीन के मेल से एक–एक शब्द बनाइये– 1+1+1

(i) सु (ii) प्र (iii) प्रति

(iv) उप (v) निर् (vi) अभि।

(ख) निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रत्ययों के प्रयोग से एक–एक शब्द बनाइये– 1+1

(i) ना (ii) पन (iii) इक

(iv) ईय

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का समास–विग्रह कीजिए तथा समास का नाम बताइए– 1+1

(i) राधा कृष्ण (ii) सप्तधान्य (iii) चौराहा

(iv) उत्थान पतन

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के तत्सम रूप लिखिए– 1+1

(i) घर (ii) मानुश (iii) गाँव

(iv) चाद

(ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के दो–दो पर्यायवाची लिखिए– 1+1

(i) ईश्वर (ii) कमल (iii) फूल

(iv) जंगल

10. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो का सन्धि–विच्छेद कीजिए और संधि का नाम लिखिए– 1+1

(i) प्रत्युत्तरम् (ii) स्वागतम् (iii) इत्यादि

(iv) लाकृतिः।

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द का चतुर्थी विभक्ति एवं द्विवचन का रूप लिखिए– 1+1

(i) 'मधु' अथवा 'नदी'। (ii) 'फल्' अथवा 'मति'

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक का धातु लकार, पुरूष तथा वचन का उल्लेख कीजिए– 2

(i) अहसम् (ii) पठावः (iii) हसिष्यथः

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए– 1+1

(i) प्रयाग गंगा तट पर स्थित है।

(ii) तुम दोनों क्या करते हो।

(iii) विद्या विनय से बढ़ती है।

(iv) गंगा भारत की पवित्र नदी है।

(v) हमें माता–पिता की सेवा करनी चाहिए।

**11.** निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए– 6

(i) स्वास्थ्य और शिक्षा (ii) पर्यावरण प्रदूशण

(iii) वन महोत्सव (iv) साहित्य और समाज

**12.** अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दीजिए– 3

(क) (i) 'मुक्तिदूत' खण्डकाव्य के आधार पर गाँधीजी की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

(ii) 'मुक्तिदूत' के चतुर्थ सर्ग का कथानक अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) (i) 'ज्योति–जवाहर' खण्डकाव्य के आधार पर जवाहर लाल नेहरू की चारित्रिक विशेषताएँ संक्षेप में लिखिए।

(ii) 'ज्योति–जवाहर' खण्डकाव्य का कथासार संक्षेप में लिखिए।

(ग) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के पूर्वाभास सर्ग की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

(ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर उसके नायक का चरित्र–चित्रण कीजिए।

(घ) (i) 'मेवाड़–मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर 'दौलत' का चरित्र–चित्रण कीजिए।

(ii) 'मेवाड़–मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर उसके छठे सर्ग का कथानक संक्षेप में लिखिए।

(ङ) (i) 'जय–सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर उसके नायक का चरित्रांकन कीजिए।

(ii) 'जय–सुभाष' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग का कथानक संक्षेप में लिखिए।

(च) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग का कथानक संक्षेप में लिखिए।

(ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य की कौन सी घटना आपको सर्वाधिक प्रभावित करती है? संक्षेप में बताइये।

(छ) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के द्यूत–सभा में 'द्रोपदी' सर्ग का सारांश संक्षेप में लिखिए।

(ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर श्रीकृष्ण का चरित्र–चित्रण कीजिए।

(ज) (i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के 'आदर्श वरण' सर्ग का कथानक संक्षेप में लिखिए।

(ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर 'राम' का चरित्रांकन कीजिए।

(झ) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के 'राम–मिलाप' और सौमित्र का 'उपचार' सर्ग की कथा लिखिए।

(ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर 'मेघनाद' का चरित्र–चित्रण कीजिए।

Gyansindhu Coaching Classes
Hindi By~ Arunesh Sir